राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से यू॰जी॰सी॰ के वाइस चेयरमैन डॉ॰ भूषण पटवर्द्धन ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 29 मई 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से आज अपराह्न राजभवन में ‘विश्वविद्यालय अनुदान आयोग’ (U.G.C.) के वाइस चेयरमैन डॉ॰ भूषण पटवर्द्धन ने शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान उन्होंने राज्यपाल श्री टंडन को आश्वस्त किया कि बिहार में उच्च शिक्षा के विकास–प्रयासों को तेज करने में यू॰जी॰सी॰ हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने राज्यपाल श्री टंडन के मार्ग–दर्शन में राज्य में हो रहे उच्च शिक्षा के विकास–प्रयासों की प्रशंसा की और उम्मीद जाहिर की कि बिहार राज्य निकट भविष्य में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च शिक्षा प्रक्षेत्र में अपनी गरिमा अवश्य हासिल कर लेगा।

राज्यपाल ने यू॰जी॰सी॰ के वाइस चेयरमैन को राज्य में उच्च शिक्षा में हो रहे सुधार–प्रयासों –विशेषकर ‘नैक–प्रत्ययन’ एवं ‘यू॰एम॰आई॰एस॰’ आदि के कार्यान्यवन तथा ‘डिजिटीकरण’ की दिशा में हो रही प्रगति से अवगत कराया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यू॰जी॰सी॰ बिहार के विश्वविद्यालयों को भरपूर सहयोग करेगा।

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने मुलाकात के दौरान यू॰जी॰सी॰ के वाइस चेयरमैन डॉ॰ पटवर्द्धन को अपनी लिखी किताब ‘अनकहा लखनऊ’ भी प्रदान किया।

....